पैरालिंपियन मनोज सरकार को सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री धामी।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### दून के इस स्कूल में कोरोना की दस्तक से अभिभावकों में भय

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश सरकार ने पहली से पांचवीं के स्कूल मंगलवार से खोल दिए हैं। इससे ठीक पहले जीएमएस रोड स्थित एन मैरी स्कूल में एक छात्र की एंटीजन रिपोर्ट पाजिटिव आने से स्कूल के अभिभावकों में दहशत फैल गई है। हालांकि, स्कूल ने सोमवार देर शाम अभिभावकों को एक संदेश जारी कर छात्र की आरटी पीसीआर रिपोर्ट निगेटिव होने की सूचना दी है। एन मैरी स्कूल में रविवार को एक छात्र में कोरोना की पुष्टि हुई। इससे पहले छात्र स्कूल में पढ़ाई एवं परीक्षाएं देने आ रहा था। ऐसे में स्कूल की ओर से उसकी कक्षा के सभी छात्रों को इसकी सूचना देते हुए बीमारी का कोई लक्षण दिखने पर जांच की अपील की गई।

### कोरोना योद्धाओं को मुख्यमंत्री ने दिया सम्मान

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना संक्रमण के दौरान खुद की जान हथेली पर रख संक्रमितों का जीवन बचाने में दिन–रात जुटे रहे कोरोना योद्धाओं को युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सम्मान दिया तो उनका चेहरा नई ऊर्जा के साथ खिल उठा। आभार जताकर कोरोना योद्धाओं ने संकल्प लिया कि अगर भविष्य में कभी विपरीत हालात बने तो वह कर्तव्य पालन में इसी शिद्दत के साथ चौबीस घंटे खड़े रहेंगे। आयोजित हुए श्कोरोना योद्धा सम्मान–2021 कार्यक्रम के लिए दो माह पहले प्रक्रिया शुरू हो गई थी और सर्वप्रथम इसमें आवेदन मांगे गए।

### निष्कासन रद करने की मांग पर अड़े एमबीबीएस छात्र

**संवाददाता** देहरादून। दून मेडिकल कालेज के छात्र 2019 बैच के पांच एमबीबीएस छात्रों के निष्कासन को रद करने की मांग पर अड़े हैं। इसके लिए उन्होंने करीब तीन घंटे तक कालेज में प्रशासनिक भवन के सामने धरना दिया और प्राचार्य से मुलाकात की मांग की। हालांकि, प्राचार्य से वार्ता के बाद फैकल्टी ने छात्रों को दो दिन में निष्कासन रद कराए जाने का आश्वासन दिया है।

### जेके टायर एण्ड इंडस्ट्रीज ने अपना नया टीवीसी अभियान किया लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। देश की प्रमुख टायर निर्माता एवं रेडियल टायर टेक्नॉलोजी में अग्रणी जेके टायर एण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने नवीनतम नवाचार " स्मार्ट टायर–टायर विद ए ब्रेन" के लिये एक उच्च प्रभावशाली टीवीसी अभियान शुरू किया है। इस टीवीसी अभियान का उद्देश्य जेके टायर को एक नए युग के तकनीकी संचालित ब्राण्ड के रूप में स्थापित करना एवं अपने ग्राहकों की नब्ज को पहचानना है, ताकि ग्राहकों के साथ कनेक्टिविटी एवं स्मार्ट डिवाइस के जारियें ग्राहकों को प्राथमिकता प्रदान की जा सकें।

# देवभूमि उत्तराखंड का संदेश पूरे विश्व में जाता है: सीएम

**अमृत महोत्सव**

■ सीएम ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर वाणिज्य उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में किया प्रतिभाग

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सुभाष रोड स्थित होटल पेसिफिक में उद्योग विभाग द्वारा आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर वाणिज्य उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया एवं स्टॉलों का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, ऐसे समय में वाणिज्य सप्ताह का आयोजन किया जाना सराहनीय है। वाणिज्य उत्सव का मुख्य उद्देश्य आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करना एवं विशेष रूप से भारत से निर्यात को बढ़ावा देना है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों व ट्रांसपोर्ट की अनेक बाधाओं के बावजूद उत्तराखंड



राज्य साल दर साल निर्यात के मामले में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यही कारण है कि केंद्र सरकार की ओर से जारी एक्सपोर्ट प्रीपेयर्डनेस इंडेक्स में उत्तराखंड राज्य को हिमालयी राज्यों की श्रेणी में प्रथम स्थान मिला है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पिछले पांच सालों में ही उत्तराखंड ने निर्यात के मामले में करीब दोगुना से अधिक की बढ़त हासिल की है। वर्ष 2017–18 में उत्तराखंड से 10,836 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ, वहीं 2020–21 में यह बढ़कर 15,914 करोड़ रुपये पहुंच गया है। राज्य में आटोमोबाइल व फार्मा इकाइयां सबसे बड़े निर्यातक क्षेत्र के रूप में उभरे हैं। इसके अलावा उत्तराखंड से पुष्प उत्पादन, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, जैविक उत्पाद, सगंध–औषधीय पौधे, जैव प्रौद्योगिकी, हस्तशिल्प की वस्तुओं का निर्यात विदेशों में होता है। राज्य में निर्यात क्षमता और राज्य से निर्यात योग्य उत्पादों एवं सेवाओं को बढ़ावा देने और प्रदर्शित करने के लिए भारत को एक उभरती हुई आर्थिक शक्ति के रूप में प्रतिस्थापित करने के लिए वाणिज्य उत्सव का आयोजन मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड उत्तर भारत में अपनी प्रगतिशील नीतिगत ढांचे, गुणवत्तापूर्ण जनशक्ति की उपलब्धता तथा अच्छी कानून व्यवस्था के कारण एक पसंदीदा निवेश गन्तव्य बन गया है। मैनुफैक्चरिंग सेक्टर का राज्य के जीएसडीपी में 36 प्रतिशत से अधिक का योगदान है। सरकार अपनी अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र के योगदान को सुधारने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। उद्योग और आंतरिक व्यापार को बढ़ावा देने के लिए विभाग डीपीआईआईटी द्वारा आयोजित बिजनेस रिफॉर्म एक्शन पॉइंट रैंकिंग में उत्तराखंड शीर्ष राज्यों में से एक है। राज्य की निवेश संवर्धन एजेंसी को इन्वेस्ट इंडिया द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता घोषित किया गया है।

### पीएम के मार्गदर्शन में अनेक योजनाओं पर किया जा रहा कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में अनेक योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। युवाओं के स्किल डेवलपमेंट हेतु विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिससे युवाओं को एक नया मंच और साथ ही उद्योगों को ऊर्जावान युवा मिल सके। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर भारत बनने की राह पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार मजबूत इच्छाशक्ति से काम कर रही है। राज्य में और अधिक उद्योग स्थापित हों इसके लिये हमारे उद्यमी ही हमारे ब्राण्ड एम्बेसडर रहेंगे।

हरिद्वार में इनलैंड कनटेनर डिपो (आईसीडी) की स्थापना के लिए प्रयास किये जा रहे है।

उद्योग मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आज उत्तराखंड दुनिया के तमाम उद्योगपतियों के लिए एक इंडस्ट्रियल डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है। हमारी सरकार का देश के तमाम उद्योगपतियों के साथ संवाद जारी है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत छोटे उद्योगों को लगाए जाने का कार्य राज्य में तेजी से हुआ है।

# देश की निगाहें अब कांग्रेस पर टिकी: प्रीतम सिंह

**बैठक**

■ ऋषिकेश विधानसभा में कांग्रेस ने शुरू किया सदस्यता अभियान

**संवाददाता**

ऋषिकेश। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, और भ्रष्टाचार से त्रस्त आ चुकी है। ऐसे में पूरे देश की निगाहें अब कांग्रेस पर टिकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं को इस हताशा और निराशा के वातावरण को बदलना होगा।

कांग्रेस की विकास परक सोच




और सुशासन के संदेश को लेकर हम जनता के बीच में जाएंगे और आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता की समस्या का समाधान करेंगे। मंगलवार को देहरादून मार्ग स्थित व्यापार सभा भवन में नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने कांग्रेस के सदस्यता अभियान की शुरुआत की। इस दौरान कई व्यक्तियों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रीतम सिंह ने कहा कि कांग्रेस एक राजनीतिक दल नहीं, एक विचारधारा है, जो हर घर में विद्यमान है। देश की आजादी से लेकर देश के विकास के संघर्ष को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने की जरूरत है। कांग्रेस ने ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र में 20 हजार सदस्यता का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कार्यकर्त्ताओं से सदस्यता अभियान ईमानदारी के साथ चलाने का आह्वान किया। कहा कि जमीनी स्तर पर प्रत्येक व्यक्ति को कांग्रेस की रीति और नीति से अवगत कराना होगा। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश विधानसभा में कांग्रेस को लगातार मिली हार के कारणों पर विश्लेषण करने की आवश्यकता है।

### मुख्यमंत्री धामी ने पैरालिंपियन मनोज सरकार को किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में टोक्यो पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता एवं अर्जुन अवार्ड प्राप्तकर्ता मनोज सरकार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि टोक्यो पैरालंपिक में बैडमिंटन में कांस्य पदक जीतकर मनोज सरकार ने उत्तराखंड का मान सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि किसी कार्य के प्रति मन में जज्बा हो तो, वह कार्य अवश्य पूर्ण होता है। सीमित संसाधनों के बावजूद भी मनोज सरकार ने एक बड़ा मुकाम हासिल किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों को अधिक से अधिक सुविधाएं मिल सके, इसके लिए राज्य में खेल नीति में संशोधन किया जा रहा है। इस अवसर पर टोक्यो पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता मनोज सरकार की पत्नी श्रीमती रेवा सरकार भी मौजूद थीं।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।